Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 12-12-2006

Participants : Azmi Shri Iliyas

an>

Title: Need for an inquiry into the work done under Sam Vikas Yojana at Sahjahanpur and Bhakhani block of Hardoi district in Uttar Pradesh.

श्री इलियास आज़मी (शाहाबाद) :महोदय, मेरे आग्रह पर भारत सरकार ने हरदोई जिले में 25 सालसे बन्द पड़ी नहर को चालू करने के लिए हरदोई जिले में काम के बदले अनाज योजना के फण्ड से नहर पूरी तरह साफ कराने का निर्देश जिला प्रशासन को दिया था।

उसी नहर को जिला शाहजहांपुर में साफ कराने के लिए सम विकास योजना से भारत सरकार ने मोटी रकम दी।

काम के बदले अनाज योजना से उपरोक्त नहर के बरवन शाखा पर कुछ अधूरा कार्य हुआ, शवाएज़पुर शाखा पर एक रूपए का कार्य नहीं हुआ।

जिला शाहजहांपुर के सिंचाई विभाग ने सारा पैसा खर्च किया, परन्तु नहर में पानी नहीं आया, अब तक सारा पैसा बेकार गया।

मेरी सरकार से मांग है कि सम विकास योजना द्वारा शाहजहांपुर में हुए कार्य की तथा काम के बदले अनाज योजना से हरदोई जिले के भरखनी ब्लॉक द्वारा हुए कार्यो की जांच भारत सरकार कराए।